विधानसभा/महत्वपूर्ण


# कार्यालय संचालक
## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण
ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email-dirfood.cg@nic.in, website-www.khadya.cg.nic.in)


क्रमांक 285/संचा.–वि.स./2026 नवा रायपुर, दिनांक 17/2/2026

प्रति,

1. **समस्त कलेक्टर,**
छत्तीसगढ़

2. **प्रबंध संचालक,**
छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ,
मर्या. अटल नगर, नवा रायपुर,

3. **प्रबंध संचालक,**
अपेक्स बैंक,
अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 986 तारांकित द्वारा श्री दिलीप लहरिया, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 986 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 19.02.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@nic.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 286 /संचा.–वि.स./2026 नवा रायपुर, दिनांक 17/2/2026

**प्रतिलिपि :–**

समस्त खाद्य नियंत्रक/खाद्य अधिकारी, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **27/02/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **09/03/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी एवं भुगतान की स्थिति**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **986** ) **श्रीदिलीप लहरिया**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्रदेश में धान खरीदी का कुल लक्ष्य (मीट्रिक टन में) कितना निर्धारित किया गया था तथा उक्त लक्ष्य के विरुद्ध वास्तविक रूप से कितने मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है? यह लक्ष्य का कितने प्रतिशत है? (ख) इस सत्र में धान विक्रय हेतु कुल कितने किसानों ने पंजीयन कराया था? इनमें से कितने किसानों के टोकन जारी किए गए? कितने किसानों का संपूर्ण धान खरीदा जा चुका है? कितने किसानों का धान आंशिक रूप से खरीदा गया है? (ग) अब तक खरीदी गई धान के विरुद्ध कितने किसानों को भुगतान किया जा चुका है तथा कितनी राशि (रुपये में) अब तक लंबित है? (घ) लंबित भुगतान के क्या कारण हैं तथा शेष राशि का भुगतान कब तक किया जाएगा?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 17/02/2026 02:08:49 |

## Remark :